# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार, दिसंबर 23, 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 16 डिग्री


13 कुरूद को बिजनेस हब बनाने की दिशा में प्रयास करें..





14 बाल शोध मेला के मॉडल्स ने सबका मन मोह लिया




## खबर संक्षेप

### सुपेला में श्रीमद् भागवत महापुराण आज से



**जीजामगांव।** ग्राम सुपेला में ग्रामवासियों के सहयोग से 23 से 30 दिसम्बर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक पं. श्रीश्री 1008 बालयोगी सर्वेश्वरनंद सरस्वती महाराज चित्रकूट मध्यप्रदेश होंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा नया बाजार चौक में दोपहर 1 से शाम 7 बजे तक होगी।

### खरेंगा मड़ई में 26 को सुनील सोनी का कार्यक्रम

**धमतरी।** ग्राम खरेंगा में 26 दिसम्बर गुरुवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें मशहूर गायक सुनील सोनी का प्रोग्राम होगा। ग्रामीण तामेश्वर साहू, भगवती विश्वकर्मा, हिरेन्द्र साहू ने बताया कि यहां दो बार मड़ई का आयोजन होता है। प्रथम मड़ई में सुप्रसिद्ध फिल्म गायक सुनील सोनी का कार्यक्रम होगा।

### खिसोरा में मड़ई मेला 27 को

**मगरलोड।** ग्राम खिसोरा में ग्रामवासियों के सहयोग से 27 दिसम्बर शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस दिन गांव के देवी देवताओं की पूजा-अर्चना की जाएगी। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए मोर चिरईया के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कुलिया, कनेरी जिला बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी शिक्षक जितेन्द्र साहू, तुलसी निषाद ने दी है।

### अंवरी में पंथी नृत्य एवं जयंती मड़ई 27 को



**अंवरी।** ग्राम अंवरी में 25 एवं 26 दिसम्बर को पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय 3333 रुपये, तृतीय पुरस्कार 2222 रुपये व शील्ड दिया जाएगा। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय 3333 रुपये, तृतीय पुरस्कार 2222 रुपये व शील्ड दिया जाएगा। प्रत्येक मंडली को सांत्वना राशि भी दी जाएगी। प्रवेश शुल्क 151 रुपये है। 27 दिसंबर को जयंती मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए शशि रंगीला ऑर्केस्ट्रा ( मनकी मुंगेली ) का कार्यक्रम होगा। इसकी तैयारी में आयोजक समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र गायकवाड़, उपाध्यक्ष प्रमोद पटेला, सचिव पोषण चंदेल, सहसचिव नागेश्वर सोनवानी, कोषाध्यक्ष चंद्रेश बघेल, भंडारी दुखीतराम लहरे, साटीदार सहदेव मारकंडे समेत अनेक जुटे हैं।

---

कोरबा के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने गंगरेल हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का किया अवलोकन

# शीतकालीन अवकाश में गंगरेल पर्यटन की रौनक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पर्यटन के लिए गंगरेल पहुंचे कोरबा सीएसपीजीएल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तथा विभागीय अधिकारियों ने गंगरेल पावर प्रोजेक्ट का अवलोकन किया। उन्होंने यहां के बिजली उत्पादन तथा व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट पर संतोष जाहिर किया है। रविवार को गंगरेल में हजारों पर्यटक पहुंचे। बड़ी मात्रा में वाहनों की आवाजाही से जाम की स्थिति बनी रही।

गंगरेल स्थित हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का अवलोकन करने पहुंचे कोरबा ताप विद्युत केंद्र के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एसके बंजारा ने बताया कि उनकी टीम शनिवार को गंगरेल पर्यटन के लिए पहुंची। यहां के लेकव्यू रिसोर्ट में रात बताई। रिसोर्ट बहुत बढ़िया है। रविवार की सुबह आदिशक्ति मां अंगारमोती का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। यहां का पर्यटन स्थल बहुत खूबसूरत है। डैम का नजारा बहुत सुंदर है। गंगरेल के हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट में 4 गुना 2.5 का बिजली उत्पादन होता है।

गंगरेल पावर प्रोजेक्ट जेनरेशन प्रभारी सहायक अभियंता विजय सिन्हा ने प्रोजेक्ट का बारीकी से अवलोकन कराया। प्रोजेक्ट काफी सुंदर जगह में बना हुआ है, बहुत अच्छा लगा। आसपास के एरिया को साफ व मेंटेनेंस किया है। गार्डन, आफिस देख अच्छा लगा। उनके साथ डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सहायक अभियंता रूपेश जोशी, सचिव उत्तम चंद्रवंशी, गंगरेल उत्पादन कंपनी के अधीक्षण यंत्री समीर मंडाले मौजूद थे।



### पर्यटकों का हूजूम उमड़ा, रास्ता हुआ जाम

शीतकालीन अवकाश में गंगरेल पर्यटन के लिए हजारों पर्यटक पहुंचने लगे हैं। रविवार को मोटर साइकिल, कार, बस आदि वाहनों का रेला लगा रहा। पार्किंग व्यवस्था फेल होने से पर्यटकों को जाम की स्थिति से जूझना पड़ा। गंगरेल स्थित बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के सारे कॉटेज एडवांस बुकिंग में हैं। वाटर स्पोर्टस के लिए प्रदेशभर से युवा तथा फैमिली प्लानिंग के साथ पहुंच रहे हैं।

### पानी की कमी से जूझ रहा मानव वन, पानी टंकी की मांग

गंगरेल पर्यटन पैकेज हर्बल मानव वन पानी की समस्या से जूझ रहा है। वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कोमल साहू, सुरेश खृष्टि ने बताया कि मानव वन क्षेत्र में कई बार बोर किया जा चुका है, लेकिन सक्सेज नहीं है। डैम से मोटर पंप के माध्यम से मानव वन में पानी लाया जा रहा है। पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं होने से गार्डन को हरा-भरा बनाए रखने में समस्या आ रही है। उनका कहना है कि मानव वन क्षेत्र में पानी टंकी बनाकर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।




---

**यूपी से आए थे दो शातिर चोर, पुलिस ने रायपुर से किया गिरफ्तार**

# गैस कटर से तोड़ी खिड़की और पोस्ट ऑफिस से ले उड़े साढ़े 6 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उत्तरप्रदेश से आए दो चोरों ने नगर के मुख्य डाकघर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी के बाद वे रायपुर भाग निकले थे। मुखबीर और तकनीक की मदद से इन अंतरराज्यीय चोरों को ट्रेस किया गया। पुलिस जब उन्हें पकड़ने गई तो वे रायपुर छोड़कर दूसरी जगह जाने की फिराक में थे। उन्हें रेलवे स्टेशन में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।

सिटी कोतवाली से लगे डाकघर में 6 और 7 दिसंबर को अज्ञात चोरों ने सेंधमारी की थी। पोस्टमास्टर जनकराम ध्रुव ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को उन्होंने बताया था कि अज्ञात चोर मुख्य डाकघर के पीछे टायलेट की खिड़की तोड़कर ट्रेजरी रूम में घुसे और लॉकर तोड़कर नकदी 6,68,103 रुपए, एक सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल कीमत 17605 रुपए, कुल जुमला 6,85,640 रूपये की चोरी कर ली। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने इस घटना को गंभीरता से लिया और अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिए साइबर सेल तकनीकी एवं थाना सिटी कोतवाली को निर्देशित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री नेहा पवार के मार्गदर्शन में साइबर सेल तकनीकी एवं सिटी कोतवाली पुलिस ने पूरी ताकत चोरों को ढूंढने में झोंक दी। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर मुखबीरों को अलर्ट कर दिया गया। शनिवार को मुखबीर की सूचना पर संदेही आरोपी आसिफ रजा, सूरज यादव को गिरफ्तार किया गया। वे भागने की फिराक में थे। रेलवे स्टेशन रायपुर में घेराबंदी कर उन्हें दबोचा गया।



### डेढ़ लाख बरामद, सवा लाख पर होल्ड

पुलिस ने चोरों से बारीकी से पूछताछ की तो उन्होंने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनके पास से डेढ़ लाख रुपए नकद बरामद किए गए। करीब 1 लाख 17 हजार रुपए उन्होंने अपने दोस्तों के खातों में ट्रांसफर किया था, जिसे होल्ड करवा दिया गया है। कुछ रूपए उन्होंने रहने, खाने में खर्च होना बताया। दोनों चोर काफी शातिर हैं और कई प्रदेश में चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। उन्हें पकड़ने में साइबर सेल तकनीकी प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली धमतरी निरीक्षक राजेश मरई, सउनि हेमन्त ध्रुव, साइबर सेल तकनीकी प्रआर लोकेश नेताम, आरक्षक कमल जोशी, योगेश नाग, आनंद कटकवार, कृष्ण कन्हैया पाटिल, विकास द्विवेदी, युवराज ठाकुर, योगेश ध्रुव, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू, मनोज साहू, फनेश साहू, देवेन्द्र साहू, गोपाल चन्द्राकर, किशोर देशमुख की सराहनीय भूमिका रही।

### चोरी करने ही आए थे

चोर उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। आसिफ रजा पिता रहवर अब्बास उम्र 23 साल साकिन शाहपुर सिरपुरा थाना असमोली जिला सम्बल उत्तरप्रदेश और सूरज यादव पिता राजेन्द्रप्रसाद यादव उम्र 25 साल साकिन ग्राम चिताव दुर्गा नगर थाना पंवारा पोस्ट भटेवरा तहसील मछली शहर जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। दोनों चोरी करने के लिए ही छत्तीसगढ़ आए थे। धमतरी में चोरी से पहले उन्होंने महासमुंद के डाकघर में सेंधमारी की थी, लेकिन उनके हाथ कुछ नहीं लगा। धमतरी में वे 6 दिसंबर को आए। दिनभर रेकी की। इसके बाद कचहरी चौक के पास बरगद पेड़ के नीचे समय बिताया। रात जब गहरी हो गई, तो उन्होंने औजार लेकर पोस्ट आफिस पहुंचे और घटना को अंजाम दिया। इसके बाद तत्काल वे रायपुर भाग निकले थे।

---

## क्रिसमस पर रंगीन लाइट से सजा चर्च



**धमतरी।** क्रिसमस के अवसर पर स्थानीय मेनोनाईट चर्च को आकर्षक रंगीन लाइट से सजाया गया है, जो बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। चर्च प्रांगण में ही प्रभु यीशु की जन्म कहानी को प्रतिमा के रूप में चित्रित किया गया है। लाइट से सजी कुटिया लोगों को खूब लुभा रही है। विदित हो कि 25 दिसम्बर को क्रिसमस का त्योहार है, जिसे लेकर ईसाई समुदाय में उत्साह का माहौल है। लोग अपने घरों में तैयारी पूर्ण कर चुके हैं। चर्च में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



---

# पीडीएस चावल के अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

युवा कांग्रेस ने पीडीएस चावल के अवैध कारोबार की शिकायत कलेक्टर से की है। इसमें लिप्त व्यापारियों एवं राइस मिलरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष हितेश गंगवीर सहित कार्यकर्ता मिथिलेश साहू, देवेंद्र देवांगन, कृषकुमार मरकाम, विशु देवांगन ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि शहर में पीडीएस चावल का अवैध कारोबार वृहद स्तर पर हो रहा है। पीडीएस चावल की खरीदी बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित होने के बावजूद शहर के कुछ बड़े व्यापारी, राइस मिलरों द्वारा कोचियों के माध्यम से पीडीएस चावल खरीदकर रिसाइकलिंग की जा रही है।

ज्ञापन में आगे कहा कि चावल के अवैध कारोबार में शहर के दो प्रमुख सरगना शामिल हैं। जिनके पास स्वयं की चावल दुकान तथा दो राइस मिल हैं। उक्त राइस मिलरों को विभाग से नोटिस मिलने के बाद भी एफसीआई में चावल जमा नहीं किया है। बताया गया कि एक राइस मिल विभाग के अधिकारी की है, जो सिहावा रोड ग्राम भोयना में संचालित हैं। जहां पीडीएस चावल के कोचियों द्वारा राशन कार्डधारियों से खरीदकर राइस मिल को बेचा जाता है। बार - बार शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती। युवा कांग्रेस ने अवैध कार्य में लिप्त व्यापारी, राइस मिलरों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।



### बस स्टैंड के पीछे राइस मिल में कार्रवाई की खबर

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को खाद्य विभाग के अधिकारियों ने नया बसस्टैंड के पीछे एक राइस मिल में पीडीएस चावल खरीदी पर कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि भटगांव के एक कोचिया ने 9 क्विंटल चावल छोटा हाथी में लाकर बस स्टैंड के पीछे स्थित एक राइस मिल में बेचा है। इस पर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई की है। इस संबंध में खाद्य अधिकारी श्री कोर्राम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

---

# ट्रक के पीछे घुसी कार, दो भाइयों की दर्दनाक मौत

- दोनों नया रायपुर उपरवारा रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे, तभी हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

नगर पंचायत भखारा में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात्रि दर्दनाक घटना हुई है। चलते ट्रक के पीछे कार घुस गई। इस हादसे में दो भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात्रि 3 बजे रायपुर की तरफ से ट्रक क्रमांक सीजी 13 एजी 7236 भखारा की ओर आ रहा था। ठीक उसके पीछे इंडिका कार क्र. सीजी 04 एचबी 4953 भी आ रही थी। भखारा घुसते ही कोलियारी बाईपास के पास सड़क के ब्रेकर में ट्रक के पीछे कार घुस गई। ट्रक के पीछे के निचले हिस्से में कार का बड़ा हिस्सा घुस गया जिसमें सवार दो लोगों को भारी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। दोनों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने चेकअप पश्चात मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में मृतक ग्राम बोरझरा निवासी धर्मेंद्र उर्फ धनराज साहू उम्र 22 वर्ष पिता रेवतराम साहू और लिकेश उर्फ लक्की उम्र 17 वर्ष पिता डमेश साहू हैं। परिजनों ने बताया कि लक्की कक्षा 10वीं का छात्र था। दोनों नया रायपुर उपरवारा रिश्तेदार के घर गए थे जहां से वे वापस लौट रहे थे।

इस संबंध में भखारा थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि ट्रक और कार दोनों एक ही तरफ से भखारा की ओर आ रहे थे। आशंका है कि कोलियारी मोड़ के पास सामने में ही ब्रेकर में ट्रक ने वाहन को धीमा किया होगा और कार उसमें जा घुसी। कार में सवार दोनों घायलों को निकाला गया। गंभीर अवस्था में दोनों को जिला अस्पताल धमतरी भेजा गया जहां उनकी मौत हो गई। आगे की कार्रवाई की जा रही है।



---

### ईर्रा में 31 को होगी मड़ई

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत ईर्रा में ग्रामवासियों के सहयोग से 31 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी पचपेड़ी मोखा का कार्यक्रम होगा। तैयारी में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नंदकुमार साहू, उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, सचिव महेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, सरपंच कमलेश नेताम, उपसरपंच कल्याणसिंह साहू, डॉ. अजय साहू, राधेलाल, महेश साहू, सुरेंद्र साहू, महेश जुटे हुए हैं।

### चंदनबिरही में मड़ई 9 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चंदनबिरही में 9 जनवरी गुरूवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि को साल्हेटोला कांकेर का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है। 11 एवं 12 जनवरी को रामचरित मानसगान सम्मेलन होगा। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राजेश उईके, सचिव राजू साहू नेबताया कि सम्मेलन में छग की ख्याति प्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी।

### शीतलहर की संभावना सप्ताह भर बाद

- आगामी पांच दिन तक न्यूनतम तापमान यथावत रहने की संभावना

**धमतरी।** प्रदेश में अभी शीतलहर चलने की संभावना नहीं है। सोमवार को आकाश आंशिक मेघमय तथा मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। बंगाल की खाड़ी के पश्चिम मध्य भाग पर सुस्पष्ट निम्नदाब का केंद्र बना हुआ है। इससे संबंधित चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। यह दक्षिण पश्चिम की ओर बढ़ने और 24 दिसंबर के आसपास उत्तरी तमिलनाडु और दक्षिणी आंध्रप्रदेश में तटों के पास बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पश्चिम भाग तक पहुंचने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा तथा अधिकतम तापमान 28 तथा न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के आसपास बना रहेगा।

---

इतवारी बाजार : गोभी, मूली, लौकी 20 रूपये, टमाटर 25-30 किलो बिका

# बंपर आवक से हरी सब्जियों के रेट कम हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के बाजारों में लोकल क्षेत्र से हरी सब्जियों की बंपर आवक से रेट कम हो गए हैं। रेट गिरने से ग्राहक तो गदगद हैं। वहीं सब्जी व्यवसायी भी ग्राहकी बढ़ने से काफी प्रसन्न हैं। मायूस है तो सब्जी उत्पादक कृषक जिसकी जेबें ढीली हो रही हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि बाहरी आवक के साथ-साथ लोकल क्षेत्र से सब्जियों की आवक बढ़ गई है इसलिए रेट आधे हो गए हैं। जनवरी तक रेट और गिरेंगे। रेट कम होने से ग्राहकी भी अच्छी है। मुनाफा भी अच्छा हो रहा है। सब्जी उत्पादक कृषक हीरालाल पटेल, रामेश्वर निषाद का कहना है कि बाजार में रेट कम होने से लागत मूल्य भी नहीं निकल रहा है। उल्टा उन्हें नुकसान सहना पड़ रहा है।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियों के रेट कम होने से दिल खोलकर सब्जियां खरीदी। सब्जी विक्रेता केशव साहू, माखन साहू ने बताया कि रविवार को गोभी, लौकी, मूली 20 रूपये किलो रहा। भटा, गाजर, टमाटर, केला, पत्तागोभी, कुम्हड़ा, डोड़का 50 रूपये किलो रहा। हरी मिर्च, धनिया, परवल 40 रूपये किलो रहा। मेथी भाजी, कुंदरू, बरबटी, तोराई, शिमला मिर्च, सेमी 50 रूपये तो करेला, भिंडी, ग्वारफल्ली, कटहल 60 में बिका।



### आलू-प्याज 30 रूपये किलो बिका



इस सप्ताह किराना बाजार में सामानों का रेट स्थिर रहा बल्कि आलू- प्याज के रेट कम हुए हैं । इस सप्ताह आलू 30, प्याज 30, शक्कर 42, गुड़ 48, हल्दी 170, मिर्च 210, धनिया 100, जीरा 300, काली मिर्च 780, लहसुन 350, रिफाइंड तेल 140, सरसों 75, मेथी 80, राहर दाल 140, मूंगदाल 110, उड़द दाल 120, मसूर दाल 85, चना 85, काबुली चना 120, मटर 60, चनादाल 100, पोहा 55 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 84 रूपये दर्जन रहा।

---


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### मधुबनधाम में साईं जन्मोत्सव 25 को

**मगरलोड।** मधुबन धाम में मुन्ना ठाकुर उर्फ मनमोहन सिंह ठाकुर की स्मृति में साईं मंदिर का निर्माण 28 मार्च 2015 में किया गया। संचालिका सुलोचना ठाकुर ने बताया कि साईं मंदिर मधुबनधाम में अखंड दीप प्रज्ज्वलित किया गया है। 25 दिसंबर को साईं जन्मोत्सव कार्यक्रम रखा गया है। सुबह 6 बजे महाभिषेक, 7 बजे आरती, दोपहर 12 बजे हवन यज्ञ, शाम 6 बजे आरती होगी।

### साय सरकार ने एक साल में कई ऐतिहासिक कार्य किए : नेमू

**मगरलोड।** भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष नेमूराम निषाद ने कहा कि भाजपा सरकार के एक वर्ष के



प्रमुख विकास कार्य सबके सामने हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में भाजपा सरकार ने अपने पहले साल के कार्य में कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। श्री साय के नेतृत्व में 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की रिकॉर्ड खरीदी की जा रही है। 3716 करोड़ बकाया बोनस, 18 लाख परिवारों के लिए आवास निर्माण की शुरुआत की गई। 70 लाख माताओं को 65.30 लाख रुपये महतारी वंदन योजना में राशि प्रदान की गई। तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 4000 से 5500 रुपए बढ़ाया गया। रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या की निःशुल्क यात्रा की शुरुआत की गई। यह एक साल छग के विकास और कल्याण के लिए ऐतिहासिक सिद्ध हुआ है।

## निधन

### मोंटू मुखर्जी

**धमतरी।** नगर के वरिष्ठ फोटोग्राफर मोंटू मुखर्जी 77 वर्ष का निधन शनिवार को हो गया। श्री मुखर्जी ने



कुल 17 बार अमरनाथ यात्रा का रिकार्ड बनाया था। वे स्थानीय न्यू कलकत्ता फोटो स्टूडियो के संचालक इन्द्रजीत मुखर्जी के पिता थे। रविवार को उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से दोपहर 1 बजे निकली। उनका अंतिम संस्कार शांतिघाट में किया गया, जहां अनेक नागरिक व समाजजन उपस्थित थे।

### सुशीला सिन्हा

**धमतरी।** स्थानीय बांसपारा वार्ड निवासी सुशीलबाई सिन्हा का



शनिवार को निधन हो गया। वे श्याम लाल सिन्हा, श्याम प्रसाद सिन्हा की बहन तथा प्रकाश सिन्हा की बुआ थीं। उनकी अंत्येष्टि में समाजजन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

पीजी कालेज में गणित दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# भाषण एवं कविता पठन में पांच छात्रों को मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के गणित एवं आईटी विभाग व्दारा गणित दिवस मनाकर देश का महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो.बीएल देवांगन प्राध्यापक गणित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रूद्री थे। अध्क्षता डॉ. विनोद कुमार पाठक प्राचार्य ने की।




इस अवसर पर प्रो.देवांगन ने श्रीनवास रामानुजन के जीवन पर आधारित कुछ महत्वपूर्ण तथ्य साझा किये। डॉ. पाठक ने श्रीनिवास रामानुजन के गणित के क्षेत्र में कार्यों का वर्णन किया। इस अवसर पर गणित के छात्र-छात्राओं व्दारा भाषण एवं कविता का पठन किया गया तथा सबसे उत्तम पांच छात्रों को पुरस्कार की घोषणा भी की गई। इसमें अनामिका साहू बीएससी तृतीय वर्ष गणित प्रथम, हेमलता देवांगन बीएससी व्दितीय गणित व्दितीय, वारिणी यदु बीएससी व्दितीय वर्ष आईटी तृतीय, डिम्पल सोनकर बीएससी तृतीय वर्ष आईटी चतुर्थ तथा उदिता ठाकुर बीएससी आईटी तृतीय वर्ष पंचम स्थान पर रही। आभार प्रदर्शन डॉ.सीमा साहू ने किया। इस अवसर पर बीएससी व्दितीय एवं तृतीय वर्ष गणित व आईटी के छात्रों के अलावा प्रो. राजेश चौरसिया, प्रो.नरोत्तम साहू, प्रो.भूमिका त्रिवेदी एवं प्रो.अंबिका साकेत उपस्थित थे।

# हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हुआ अपडेट

गोजी में एम्स की टीम ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत गोजी के पंचायत भवन में एम्स की टीम ने शिविर आयोजित कर सामान्य ओपीडी, बीपी, शुगर की जांच एवं 70 से अधिक आयु वर्ग के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड की ईकेवाईसी भी की। टीकाकरण का आयोजन किया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना का क्रियान्वयन ग्राम गोजी में किया गया। शिविर का ग्रामीणों ने लाभ लिया। लोगों में काफी उत्साह देखा गया।

इस कार्यक्रम में डॉ खेलावन साहू सीएचओ, डॉ यादराम साहू आरएचओ, डॉ टिकेश्वर साहू आरएचओ, ऑपरेटर ओमप्रकाश कुर्रे व एम्स की टीम का विशेष सहयोग रहा। मौके पर थानेश्वर तारक सरपंच गोजी सहित पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।





सिर्वे में शीतकालीन क्रिकेट स्पर्धा का किया शुभारंभ

# खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है : परमेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

खेल और जीवन का अद्भुत संगम है चाहे वह खेल कुछ भी हो। खेल जीवन को आनंदमयी बनाते हैं। इसी तारतम्य में ग्राम सिर्वे के युवाओं ने शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया।

बतौर मुख्यातिथि जपं कुरुद की सभापति जनपद सदस्य परमेश्वरी साहू ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि खेल एक मनोरंजन के साथ शारीरिक दक्षता को प्रमाणित करने और खेल के माध्यम से देश की सेवा करने का अनोखा माध्यम है। क्रिकेट के आलावा बहुत से और खेल है जिसमें भाग लेकर खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। छोटे मैदान से लेकर बड़े-बड़े आयोजन तक पहुंचने वाले खिलाड़ी इसी प्रकार की प्रतियोगिता से निकलकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ते है।



इस अवसर पर विष्णुराम साहू, गणेशराम साहू, परमेश्वर साहू, ललित साहू, पिंकेश्वर साहू, सितेश साहू, खिलेश्वर चक्रधारी, बालेश्वर साहू, चंद्रहास साहू, टीकम, विजय, यीशु साहू, प्रेमलाल यादव, दुर्गेश यादव, इंद्रजीत यदु, सिद्धार्थ कुमार, भावेश प्रमोद, गौरव, हिमांशु, प्रवीण, तोरण, सागर, तोरण चक्रधारी, छोटेलाल यादव, यशकुमार, भुवन साहू, हसन, सोमेन्द्र निर्मलकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बाल मेला से बच्चों का रचनात्मक विकास : हरख

- बांधा के बाल मेला में 14 लईका घर सहित आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूली बच्चों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

मोबाइल क्रैचेस संस्था द्वारा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम बांधा में बाल मेला का आयोजन किया गया।

बाल मेला को संबोधित करते हुए सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक हरख मंडावी ने कहा कि बाल मेला से बच्चों में रचनात्मक विकास होता है। लईका घर बच्चों का देखभाल केन्द्र है। ऐसे केंद्र से बच्चों को दूरगामी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम को संकुल समन्वयक धनंजय साहू, टीपी साहू प्रधानपाठक बांधा, शत्रुघ्न साक्षी ग्राम समिति अध्यक्ष बांधा ने भी संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच इंदलसिंह मंडावी,





एपीएफ से कविता रामदयाल मरकाम, शिक्षिका जीतेश्वरी साहू, खेमबाई साहू व डाली ध्रुव उपस्थित थीं।

बाल मेला में क्षेत्र के 14 लईका घर के 70 बच्चों सहित आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूली बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों ने फैंसी ड्रेस, गीत, कविता, डांस, सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी तथा खूब तालियां बटोरी।

कार्यक्रम में चाईल्ड हेल्पलाईन धमतरी से पहुंची काउंसलर मंजू साहू ने बच्चों के अधिकार, गुड टच बेड टच व बच्चों की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। बाल मेला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें दुर्गेश ध्रुव व पूजा गजभिए ने अपनी सेवा दी । बाल मेला में पालकों के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। सही उत्तर देने वाले पालकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोबाइल क्रैचेस से स्टेट लीड अजीत मोहन चौधरी, ग्रामीणजन, पालकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, लईका घर की देखभाल कार्यकर्ता सहित मोबाईल क्रैचेस की टीम उपस्थित थी।

# बाबा के जन्मोत्सव पर बच्चे ध्वजा लेकर निकले

- नगरी के वार्ड क्रमांक 15 में मनाई गई घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रंमाक 15 में सतनाम समाज ने संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा का 268वां जन्मोत्सव मनाया। सुबह जैतखाम पर पालो चढ़ाया। घासीदास छायाचित्र की विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। दोपहर को शोभायात्रा निकली।



छोटे-छोटे बच्चे हाथों पर ध्वजा लेकर निकले। बाबा के जयकारे लगाए। चौक- चौराहों पर युवाओं ने पंथी नृत्य किया।

मौके पर सतनाम समाज अध्यक्ष रूपकुमार बसंत, वीरेंद्र माथुर, पतिराम, भारती का रूपेन्द्र साहू, नरेन्द्र नाग, भूपेन्द्र साहू, विनय चौहान, जसपाल खनूजा, गोकुल राम, गोलू पटेल ने बजरंग चौक पर गले मिलकर श्रीफल देकर सम्मान किया। रात्रि में पंथी नृत्य का आयोजन किया गया।

# स्वस्थ रहने के लिए कर रहे योग

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष परसापानी में प्रतिदिन योग कराया जा रहा है। स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीण भी योग के गूढ़ रहस्यों से परिचित हो रहे हैं। स्वयं को स्वस्थ रखने के साथ ही समाज को योग से स्वास्थ्य तक ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही आध्यामिक उन्नति प्राप्त होती है। इस उद्देश्य के लिए सभी आयुष्मान



आरोग्य मंदिर में योगाभ्यास करवाया जा रहा है। योग सहायक शिक्षक भूपेंद्र नागेश ने योग कराया।

# ओडिशा की टीम ने सांकरा पंचायत का किया भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ओडिशा के पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जिले के ग्राम पंचायत सांकरा का भ्रमण किया। ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर राज्य प्रशिक्षण संस्थान निमोरा के डा. अशोक जायसवाल, जपं नगरी के पंचायत निरीक्षक आनंद साहू, ग्रामसभा अध्यक्ष प्रयाग बिसेन, हेमलाल ध्रुव पंच, पंचायत सचिव मदन सेन सहित पंचायत कर्मचारी व महिला समूह की सदस्य उपस्थित थीं।

# पराली को आग के हवाले कर रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

अंचल में रबी फसल की तैयारी को लेकर किसान जुट गए हैं। वहीं किसान खेतों के बचे अवशेष को आग के हवाले कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने पैरादान करने की अपील की है। इस संबंध में विभागीय अधिकारी को भी निर्देश दिया गया है। मगर उचित कार्रवाई नहीं होने के चलते किसान अपने खेतों में बचे अवशेष को आग के हवाले कर रहे हैं। इससे प्रदूषण फैल रहा है। मेन रोड नगरी, सांकरा, उमरगांव, घठुला, डोंगरडुला, परसापानी, राजपुर, घोटगांव, छिपली, गोरेगांव, फरसियां, बोड़रा, बिरगुड़ी, बेलर, बांसपानी, जैतपुरी, बरबांधा,



घुरावड़ में किसान पैरा को आग के हवाले कर रहे हैं। वि भा गी य अधिकारी की उदासीनता के चलती किसान इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं।



# सशिमं छाती में आवर्ती प्रशिक्षण शिविर लगा



हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी

सरस्वती शिशु मंदिर छाती में क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य एवं दीदियों का दो दिवसीय आवर्ती प्रशिक्षण संपन्न हुआ। सभी ने प्रशिक्षण का लाभ लिया। इस कार्यक्रम में समिति के संचालक सदस्य व शिक्षण संस्थान से जुड़े पदाधिकारी भी उपस्थित हुए। यह जानकारी नरेंद्र साहू सशिमं छाती के सचिव ने दी है।

ग्राम परसट्ठी में मितानिनों का हुआ सम्मान

# मितानिन स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम पंचायत परसट्ठी में मितानिनों का सम्मान किया गया। यह आयोजन पंचायत भवन में हुआ। सरपंच, पंचों ने मितानिनों को श्रीफल, साड़ी भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सरपंच सरपंच टोमन साहू ने कहा कि मितानिन गांव में स्वास्थ्य विभाग की तर्ज पर आम लोगों को स्वास्थ्य मुहैया करा रही हैं। मितानिन स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी है। समय- समय में विभाग से मिलने वाली योजनाओं को घर घर तक पहुंचाती हैं। गर्भवती, शिशुवती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्रों तक ले जाना, समय -समय पर टीकाकरण कराना, शिशुओं को टीकाकरण,



वजन, ऊंचाई की जानकारी समय पर मेंटेन करती है।

मौके पर सचिव रवि साहू, पंच ऊषाबाई, दूजबाई, खेदीनबाई, शिवकुमारी, चैनबाई, फगनी, संगीता, ब्लॉक समन्वयक जानकी साहू, एमटी धनेशवरी साहू, मितानिन कान्ति साहू, निर्मला, ममता ध्रुव्र, गीता सोनकर, चन्द्रकला साहू उपस्थित थीं। मितानि सम्मान पाकर गदगद हुई।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाएं जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### भोथीडीह सोसाइटी में हुआ किसानों का सम्मान

**मगरलोड।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भोथीडीह में कृषक सम्मान सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि घनश्याम पटेल थे। अध्यक्षता शत्रुघ्न साहू सोसायटी अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि मोहनलाल ध्रुव, चुन्नीलाल ध्रुव, भोजराम साहू, ईशु साहू थे। अतिथियों ने कृषक कानूनराम पटेल, अरूण कंवर, कृपाराम साहू, फगुवाराम साहू, रामसिंग कंवर, केदार साहू का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम को चुन्नीलाल ध्रुव, मोहन ध्रुव, घनश्याम पटेल, शत्रुघ्न साहू ने संबोधित किया। इस अवसर पर नारायण साहू, बलराम साहू, मोहन साहू, गोविंद सिन्हा, नंदू देवांगन, समिति प्रबंधक ईश्वरलाल सिन्हा, लिपिक नेपालराम साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर गजेंद्र साहू, परमानंद देवदास, नंदकुमार साहू, देवनारायण निषाद, त्रिलोक कंवर, विजय साहू, निखिल, लुकेश साहू, गैंदराम साहू उपस्थित थे।

### पेंशनर्स एसोसिएशन ने मनाया स्थापना दिवस

**मगरलोड।** पेंशनर्स एसोसिएशन छग का जिला स्तरीय स्थापना दिवस भैंसमुंडी स्थित साहू सदन में मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम की बालिकाओं ने राजकीय गीत तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र नाग जिलाध्यक्ष धमतरी ने की। अन्य अतिथि यशवंत देवान प्रांतीय अध्यक्ष, गंगाप्रसाद साहू पूर्व प्रांत अध्यक्ष, दीनदयाल साहू, त्रिभुवनलाल साहू, विद्यादेवी साहू व नीतू खिलावन साहू नपं अध्यक्ष थे। एनआर साहू ने संगठन की गतिविधियों का उल्लेख किया। बताया कि किसी सदस्य के निधन पर आश्रित परिवार को 10 हजार रुपए की तात्कालिक सहयोग राशि, पारिवारिक पेंशन पत्नी के नाम तैयार करना, 80 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत अधिक पेंशन की राशि दी जाती है।

व्यापार मेला में सैकड़ों लोगों का बना लाइसेंस, ट्रैक्टर, ई-रिक्शा, बाइक के सामानों की हुई बिक्री

# कुरूद को बिजनेस हब बनाने की दिशा में प्रयास करें व्यापारी : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद को लघु उद्योग और नए प्रसंस्करण उद्योग के माध्यम से रोजगार का केंद्र बनाने व्यापारी नये क्षेत्र में प्रवेश कर जोखिम उठाकर क्षेत्र को बिजनेस हब बनाने आगे आएं। उक्त बातें विधायक अजय चन्द्राकर ने व्यापारी कल्याण संघ द्वारा आयोजित व्यापार मेला के समापन सत्र पर कही।

पुराना मंडी प्रांगण कुरूद में दो दिवसीय व्यापार मेला स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां सैकड़ों लोगों का नया लाइसेंस बनाया गया। कई व्यापारियों के



बैंकिंग एवं टैक्स संबधी समस्या का निराकरण कराया गया। व्यापार मेला में ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल आदि सामानों की बिक्री हुई है। शनिवार की शाम समापन सत्र के मुख्य अतिथि श्री चन्द्राकर ने छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स पदाधिकारी अमर परवानी, राम मंधान, राजेश वासवानी, चेतन तारवानी सहित व्यापार जगत के बड़े हस्ताक्षरों को संबोधित करते हुए कहा कि कुरुद क्षेत्र में फूडपार्क, बिजली पानी, रोड-रेल कनेक्टिविटी, ए क्लास मंडी, विकासशील औद्योगिक क्षेत्र इज ऑफ डूइंग बिजनेस के लायक वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राजनांदगांव की एबीस उद्यम द्वारा निर्धारित किया जाता है। कुरूद की कृषि उपज मंडी से धान का मूल्य तय होता है, वैसे ही मछली की कीमत समीपस्थ ग्राम दहदहा के मछली पालक हेमंत चंद्राकर के फार्म से तय होती है। उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे कुरूद के व्यवसाय जगत को प्रदेशभर में स्थापित करने के लिए कार्य करें।

प्रदेश चेम्बर्स के अमर परवानी, भाजपा नेता निरंजन सिन्हा, भानु चन्द्राकर ने भी अपनी बात कही। मंच संचालन खिलेन्द्र चन्द्राकर ने किया। इस अवसर पर रामकिशोर केला, मालक राम साहू, योगेंद्र सिन्हा, हितेन्द्र केला, विजय केला, रवि चन्द्राकर, हरीश केला, विकास चन्द्राकर, महेश केला, धनेश बैस, सूरज देवांगन, संजय चैनवानी, प्रसन्न नायडू, राकेश जैन, अनिल बजाज, सत्यप्रकाश सिन्हा, अनूप यादव, योगेश जैन उपस्थित थे।

## फाइनल मैच में खुदुरपानी ने मटियाबहरा को दी शिकस्त



- सामुदायिक पुलिसिंग के तहत नगरी पुलिस ने आयोजित की क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पाण्डे के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत धमतरी पुलिस, थाना नगरी द्वारा नक्सल प्रभावित ग्राम खुदुरपानी में एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया था, जिसमें थाना क्षेत्र के ग्राम चारगांव, मटियाबहरा, खुदुरपानी, भैंसामुड़ा की टीम ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच ग्राम मटियाबहरा एवं खुदुरपानी के मध्य खेला गया, जिसमें ग्राम खुदुरपानी की टीम प्रथम रही। खुदुरपानी की टीम को 1501 रुपये एवं द्वितीय पुरस्कार ग्राम मटियाबहरा की टीम को 1000 रुपये, शील्ड व ट्राफी दी गई। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया गया। प्रतियोगिता का आनंद लेने आए बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाओं को कंबल एवं स्वेटर का वितरण किया गया। बच्चों को कापी, पेन वितरित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार पांडेय, थाना प्रभारी नगरी शरद ताम्रकार समेत थाना स्टॉफ व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## विधायक अंबिका ने शीतकालीन सत्र में उठाया वन अधिकार वितरण पट्टा का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विधायक अंबिका मरकाम निरंतर क्षेत्र के ज्वलनशील मुद्दों को विधानसभा सत्र में रख रही है। इस बीच उन्होंने 2021-22 जून से 2024 तक सिहावा विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक वन अधिकार पट्टा (पत्र) प्राप्त करने हेतु समूह व समितियों से वर्ष वर आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है, वितरण किया जा चुका है, व्यक्तिगत वर्गवार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, पृथक वर्गवार व रकबे की जानकारी चाही।



इस पर मंत्री रामविचार नेताम ने जानकारी दी कि 30 जनवरी 2024 तक व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र के 331 वन अधिकार पट्टा पत्र व 519 सामुदायिक वन अधिकार पट्टा (पत्र) वितरण किया जा चुका है।

87591 आवेदन प्राप्त हुए हैं। 30 जून 2024 तक 939528 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विधायक मरकाम ने अध्यक्ष से जानकारी चाही कि कितने प्रकरण लंबित हैं जिस पर मंत्री नेताम ने बताया कि सितंबर 2024 तक अनसूचित जनजाति तथा अन्य परंपरागत अन्य निवास के 4313 दावे हैं। इस प्रकार कुल 9665 दावे निरस्त हुए हैं। वन अधिकार के संदर्भ में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। श्रीमती मरकाम ने लंबित प्रकरणों का निराकरण कब तक होने की बात कही। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने मंत्री को जल्द से जल्द लंबित प्रकरणों का निराकरण करने की बात कही।

## कल्याणसिंह को भाजपा मेघा मंडल अध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

प्रदेश भाजपा व कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी मंडल मेघा के नवीन अध्यक्ष के तौर पर कल्याण सिंह राजपूत को जिम्मेदारी मिली। ज्ञात हो कि श्री राजपूत छोटे से गांव सौंगा से आते हैं। उनके परिवार का नाता राजनीति से दूर- दूर तक नहीं है। कल्याण पिछले 10 वर्ष से एक सक्रिय कार्यकर्ता के रुप में कभी युवा मोर्चा में कोषाध्यक्ष तो कभी उपाध्यक्ष जैसे पद में रहकर लगातार कार्य कर रहे थे। कल्याण सिंह आरएसएस से भी लम्बे समय से जुड़े हैं और धार्मिक कार्यों में भी पीछे नहीं रहे।

बता दें की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुए कवर्धा मामले में भी




मेघा के अपने कुछ युवा साथियों के साथ उन्होंने 18 दिनों तक जेल की यात्रा तय की है। यही वजह है कि पार्टी ने संगठन, पार्टी और धर्म के प्रति उनकी समर्पण व कार्यशैली को देखते हुए पार्टी ने मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, मेघा मंडल के चुनाव प्रभारी विकल गुप्ता, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, मंडल प्रभारी श्याम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरी लाल साहू, महामंत्री संतोष सोनी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजेश साहू, नोहेंद्र यादव कार्यालय प्रभारी, बूथ अध्यक्ष संतोष साहू, वेद साहू मेघा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। श्री राजपूत ने अपनी इस नियुक्ति पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित क्षेत्र के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार माना है।

## चंद्रशेखर आजाद वार्ड में भागवत कथा जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर के चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 8 में गजपाल परिवार द्वारा नौ दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया है। मंगलवार को



दंतेश्वरी मंदिर से कलश यात्रा कथा स्थल पहुंची। रविवार को श्रीमद् भागवत कथा में महाराज मुकेश दीक्षित ने श्री कृष्ण की बाल लीला के बारे में बताते हुए कहा कि लोग आज कृष्ण भगवान की बाल लीला, नामकरण संस्कार को भूल गए हैं। आज लोग गाय की जगह कुत्ता पालते हैं। घर में गौ माता के लिए जगह नहीं है।

## अमृतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हुआ भानोसे का प्रेरक उद्बोधन



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था, लेकिन यह उपदेश केवल अर्जुन के लिए नहीं था, बल्कि समग्र विश्व के कल्याण के लिए था। इसी संदर्भ में शांताराम मोहिनीराज भानोसे गुरुजी ने अमृतेश्वर महादेव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान शिव, हनुमान और गणेश ने इस मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने यह कार्य आपके और इस ग्राम के कल्याण के लिए किया है।

गुरुजी ने आगे कहा कि यह कार्य भगवान की विशेष कृपा से हुआ है, जिन्होंने सद्बुद्धि दी, ताकि इस मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा इस गांव और इस परिसर के कल्याण का कारण बने। उनके अनुसार यह कार्य भगवान शिव, हनुमान और गणेश के आशीर्वाद से संभव हुआ है और अब यह हमें इस कार्य का साक्षी बनने का अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा का मंत्र हमारे जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है, जो हमारे भीतर एक सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति का संचार करेगा, जिससे न केवल इस गांव बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र का कल्याण होगा। इस अवसर पर विधायक अजय चंद्राकर, मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लोग न क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## वीर सैनिकों के सम्मान में मनाया विजय दिवस






हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने किया सैनिकों का सम्मान

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा रविवार को आमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम में विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू रोहरा महामंत्री प्रदेश भाजपा थे। अध्यक्षता डॉ. सुमीत गुप्ता समाजसेवी ने की। विशिष्ट अतिथि प्रकाश बैस, निर्मल बरडिया, डॉ. अनंत दीक्षित, दीपक ठाकुर, उमेश साहू व सविता छांटा थी। इस अवसर पर वीर रस के राष्ट्रीय कवि प्रोफेसर मयंक अग्रवाल ने देशभक्ति कविता का पाठ किया।

1971 के भारत पाक युद्ध के योद्धा प्यारेलाल प्रजापति को मंच की ओर से सम्मानित किया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिक की वीर नारी ग्लोरिया दास को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहीद मनीष नेताम के माता- पिता, शहीद किशन साहू की माता, शहीद केशव निषाद के माता -पिता को मंच पर सम्मानित किया गया। सर्प मित्र सूर्यकांत साहू रूद्री, रक्तदान सेवा एम्बुलेंस के शिवा प्रधान, राष्ट्रीय कलाकार आकाशगिरी गोस्वामी का सम्मान किया गया। शासकीय सेवा में चयनित शिक्षक रूपेन्द्र कुमार साहू, एसआई दिलीप साहू, एसआई बीरेन्द्र कुमार मरकाम, बिजली विभाग में चयनित सोनू भगत, न्यायिक विभाग में चयनित चेतन सिन्हा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण आदि कार्यक्रम हुए। अतिथियों ने वीर सैनिकों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला अध्यक्ष केपी साहू ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर धमतरी परिषद के मुरारी लाल साहू, रूपराम साहू, मनेश गिरी, अजय पुरी, अरूण साहू, महेन्द्र, श्री संत, सोनू भगत, ओमप्रकाश साहू, दशरथ नेताम, सुनील जान, कुमार सिन्हा, नोहर पटेल, संजय सोनकुटिया, दिलीप साहू, एसके सोनी, केबी राम, विजेन्द्र ध्रुव, विरेन्द्र मरकाम, चमनलाल ध्रुव, तुलसी राम, अश्वनी पारकर, लक्ष्मीनारायण सोनकर, तेजेन्द्र साहू, तरूण डड़सेना, लोकनाथ निषाद, पीताम्बर, नंदेश्वर जोहर लाल, महेश साहू समेत रायपुर, राजनांदगांव, कांकेर, दुर्ग, बालोद जिले के पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

## अछोटी जनपद सदस्य ने सिवनीकला को दिया पानी टैंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत सिवनीकला को 2.75 लाख का पानी टैंकर प्रदान किया गया। यह टैंकर धनेश्वरी यादव जनपद सदस्य अछोटी जनपद क्रमांक 16 के प्रयास से मिला। मजे की बात यह है कि ग्राम पंचायत सिवनीकला जनपद क्रमांक 13 में आता है और उसकी जनपद सदस्य धनेश्वरी मिलन साहू हैं। अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण अछोटी जनपद सदस्य का दरवाजा खटखटाने को मजबूर हैं। सिवनीकला के ग्रामीणों ने अछोटी जनपद सदस्य के पास पानी टैंकर की मांग रखी। ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए जनपद सदस्य धनेश्वरी पुष्कर यादव ने उनकी इस मांग को पूरा किया और पूजन कर ग्राम पंचायत को सौंप दिया।



पानी टैंकर उपलब्ध कराने पर चंद्रप्रकाश साहू सोसाइटी अध्यक्ष, सुशील साहू, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर सिवनीकला, सुरेश तारक ग्राम पटेला सिवनीकला, डीलेंद्र यादव सिवनी मंडल अध्यक्ष यादव समाज, कपिल पटेल, दाऊ केवल चंद्राकर, विक्रम साहू, सुरेश पंच, तोषण पंच, अरुणकुमार पंच, लक्ष्मी निर्मलकर पंच, खिलावन चंद्राकर, कुंजीलाल, इंदु अडील, नंद निर्मलकर, भागी निर्मलकर, टेकराम साहू, टेकराम साहू, डीहू साहू, मिनी निर्मलकर, मोनिका, पुरषोत्तम, बालाराम, बीजू तारक, काशी तारक, सुरेश हिरवानी, गुहाराम, रामेश्वर, फेंकू, भूषण, राधिका, कुलेश्वरी, ललित पटेल ने जनपद सदस्य अछोटी का आभार माना।




## विधायक ने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

- क्षेत्रवासियों को दी एम्बुलेंस की सौगात, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू डुबान क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने ग्राम अकलाडोंगरी डुबान में आदिवासी समाज के इष्टदेव बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना कर आदिवासी समाज की समृद्धि की कामना की। विधायक ओंकार साहू, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतराम नेताम, अरविन्द नेताम प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज का समाजजनों ने आदिवासी नृत्य के जरिये स्वागत किया।

अतिथियों ने समाज प्रमुखों के साथ शहीद वीर नारायण की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर विधायक ने अपनी निधि का सदुपयोग कर डुबान क्षेत्रवासियों को एम्बुलेंस की सौगात दी। हरी



झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को रवाना किया।

उन्होंने कहा कि अब डुबान क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल एवं प्राथमिक स्वस्थ केंद्र जाने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। आगे कहा कि आदिवासी समाज में महान विभूतियों ने जन्म लिया है। 19वीं शताब्दी में जब अंग्रेज कुटिल नीति अपनाकर आदिवासियों को जल-जंगल-जमीन और उनके प्राकृतिक संसाधनों से बेदखल करने लगे तब शहीद वीर नारायण ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़के उनकी कुटिल नीतियों का दमन किया। आज आदिवासी समाज प्रगतिशील है।

संत नेताम ने कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह को संघर्ष, मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। अरविन्द नेताम ने कहा कि गरीबों और किसानों के रक्षक के रूप में शहीद वीर नारायण की गौरवगाथा सदैव अमर रहेगी।

मौके पर अकबर कोर्राम प्रदेश अध्यक्ष गोंड़ समाज, जीवरखान मरई जिला अध्यक्ष, महेश रावटे, कमल नारायण ध्रुव, ईश्वरी नेताम, खिलेन्द्र पटोटी, वेदप्रकाश ध्रुव, जयपाल सिंह ठाकुर, शिवप्रसाद कोर्राम, अनीता ठाकुर फगेश्वरी कुंजाम, अम्बिका सिन्हा, फरीदा बेगम, हेमलता ताराम, मोतीराम यादव , ललिता विश्वकर्मा, भंवरसिंह सलाम, नकुल नेताम, उदय नेताम, हरीश यदु, इमरान खान, ऋषभ ठाकुर, धर्मेंद्र पटेल, उदय साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### डीपीएस में वार्षिक उत्सव 24 को

**धमतरी।** देहली पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन व बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम 24 दिसंबर को शाम 4 बजे रखा गया है। स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं पालकों से कार्यक्रम में आने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आने की भी संभावना है।

### पुरी में डे-नाइट कबड्डी स्पर्धा का रोमांच जारी




**पुरी।** ग्राम पुरी में जय मां शीतला कबड्डी दल के तत्वावधान में राज्यस्तरीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 23 दिसंबर तक किया गया है। प्रथम पुरुस्कार 10024 रु., द्वितीय 7024 रु., तृतीय 5024 रु. एवं चतुर्थ पुरस्कार 3024 रु. रखा गया है। हेमंत साहू, हमेश्वर नेताम, रामस्वरूप, शंकरलाल निर्मलकर, कमलकांत, सागर नेताम जुटे हैं।

### दर्री में मड़ई 31 को

**धमतरी।** ग्राम दर्री में ग्रामवासियों के सहयोग से 31 दिसंबर मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए होच्चेटोला राजनांदगांव का नाचा प्रोग्राम रखा गया है। यह जानकारी विशु चक्रधारी, कन्हैयालाल साहू, तुलेश्वर साहू व जोगेश्वर साहू ने दी है।

### आज मेगा कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प

**नगरी।** सिविल अस्पताल नगरी में आत प्रातः 10:30 बजे से मेगा कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें एमएमआई अस्पताल रायपुर से ऑन्कोसर्जन परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। मैमोग्राफी और पैपस्मियर जैसी जांच की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। बीएमओ सिविल अस्पताल नगरी ने जनता से इस निःशुल्क कैंसर कैम्प का लाभ उठाने की अपील की है।

### 31 से मारदापोटी में मानसगान स्पर्धा

**धमतरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मारदापोटी (बनरौद) में 31 दिसम्बर से 2 जनवरी तक मानसगान स्पर्धा आयोजित की गई है। ईश्वरी नेताम, दुखी ध्रुव, कुंदन सिह नेताम, संतराम सलाम, भागीराम नेताम, हेमलाल ध्रुव, हरिराम मरकाम कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। ज्ञान गंगा महिला मानस परिवार की प्रस्तुति होगी। इसके बाद अमलीपारा, डोंगरीपारा, बागतराई, बोरेंदा, गातापार, सारागांव, जामगांव, कचना, भखारा, कांटाकुर्रीडीह, दूधवारा, टोकरो अभनपुर, नहरगांव, डांडेसरा, गागरा, भिलोरी बेमेतरा की मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। दूसरे दिन के मुख्यातिथि श्रवण मरकाम पूर्व विधायक होंगे। अध्यक्षता प्रकाश बैस भाजपा जिलाध्यक्ष करेंगे। विशिष्ट अतिथि पिंकी शाह राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा, नागेन्द्र शुक्ला, राजेन्द्र गोलछा होंगे। समापन समारोह की मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक होंगी। अध्यक्षता राजेश शर्मा भाजपा नेता करेंगे। विशिष्ट अतिथि खूबलाल ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, कन्हैया मरकाम, राम्हीन बाई नेताम, सुरुज कोडोपी होंगे।

## अजीम प्रेमजी स्कूल में अनोखा आयोजन, कई स्कूल के छात्रों ने की भागीदारी

# बाल शोध मेला के मॉडल्स ने सबका मन मोह लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





ग्राम शंकरदाह स्थित अज़ीम प्रेमजी हाई स्कूल में बाल शोध मेला का आयोजन किया गया। मेला के दौरान छात्रों ने भाषा, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, संगीत, स्पोर्ट्स और पुस्तक मेला के कॉर्नर में अपनी प्रस्तुति दी। बाल शोध मेला में शासकीय माध्यमिक शाला शंकरदाह, शासकीय माध्यमिक शाला डोड़की, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला शंकरदाह के विद्यार्थी की उपस्थिति रही।

मेला में छात्रों का उत्साह और उमंग देखते ही बन रही थी। उनकी सीखने की लालसा और सीखकर, समझकर उसे प्रस्तुत करने के अंदाज़ ने सभी का मन मोह लिया। बाल शोध मेला में शासकीय माध्यमिक शाला बलियारा, शासकीय माध्यमिक शाला नवागांव और स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल कंडेल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रतिभागिता की। बाल शोध मेला के दौरान बच्चों ने भाषा, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, संगीत, स्पोर्ट्स और पुस्तक मेला के कॉर्नर में अपनी प्रस्तुति दी। साइन्स कॉर्नर में बायो गैस प्लांट तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता के बारे मे सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। थर्मस फ्लास्क, पेरिस्कोप, हॉलोग्राफ आदि भी प्रस्तुत किए। बच्चों ने अनाजों के भंडारण के लिए कीट प्रतिरोधक टैबलेट भी प्रस्तुत किया जो किसानों के लिए उपयोगी है। आत्मानंद स्कूल कंडेल से ऐसिड बेस इंडीकेटर, शासकीय माध्यमिक शाला नवागांव के छात्रों ने प्लास्टिक के प्रकार पर मॉडल पेश किया था। शासकीय माध्यमिक शाला बलियारा स्कूल के छात्रों ने ज्वालामुखी पर मॉडल पेश किया।

### गणित की रोचक जानकारी

गणित विषय में बच्चों ने विभिन्न ग्रहों में मनुष्य के भार को दर्शाया था। रंगों के मेल से बने नए रंग तथा विभिन्न वस्तुओं के वजन के सहयोग से बने नए वजन प्राप्ति पर मॉडल पेश किया। गणितीय अवधारणाओं को समझने के लिए गणितीय गतिविधियों तथा खेल आयोजित किए गए थे। साथ ही हमारे दैनिक जीवन से गणित कैसा जुड़ा हुआ है, इस पर भी मॉडल पेश किया गया। स्पोर्ट्स कॉर्नर में आए हुए पालकों तथा विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन किए और अनेक खेल खेलकर मेले का आनंद लिया। योग मुद्रा, भुजंगासन और ताड़ासन करके कई अभिभावकों ने इन आसनों के लाभ के बारे में जाना।

### सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत

सामाजिक विज्ञान कॉर्नर में छात्रों ने 2 सर्वेक्षणों के विश्लेषणों को प्रस्तुत किया। यह सर्वेक्षण 5 गांवों में स्थित स्वच्छता, सुविधाओं एवं अन्य बेहतर कार्यों एवं कृषकों में फसल चक्र की जानकारी पर आधारित था। इसके अलावा छात्रों ने भूमिगत जल के पुनःभरण एवं वर्षा जल के संग्रहण पर आधारित विभिन्न मॉडल्स प्रस्तुत किए। इंग्लिश कॉर्नर में बच्चों ने कहानियां, स्पेलोफन, गेम्स, मॉडल्स, चार्ट्स, प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।

## 45 दंपति फिर बंधे शादी के बंधन में

- पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन सामूहिक विवाह दिवस संस्कार मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





गायत्री परिवार गोकुलपुर रुद्री इकाई में आयोजित पांच दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन विभिन्न संस्कार कराये गये। गायत्री पब्लिक स्कूल के 48 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार, मुण्डन 10, अन्नप्राशन 3 एवं नामकरण 3 हुआ। इसी क्रम में 45 दम्पती का सामूहिक विवाह दिवस संस्कार संपन्न कराया गया।

कथावाचक परमानंद महाराज ने कहा कि आज पति पत्नी के मधुर संबंध में कमी आ रही है। ऐसे समय में विवाह दिवस संस्कार के माध्यम से उनके वैवाहिक जीवन में प्रेम, स्नेह और खुशियां लाने का प्रयास किया जाता है। एक दूसरे के प्रति विश्वास और मधुर संबंधों को और बढ़ाया जाता है। दंपती माखन लाल साहू श्रीमती सुभाषिनी साहू, दिग्विजय रुबी साहू, दिलीप नाग श्रीमती डामिन नाग, राजकुमार यशोदा साहू, डॉ अनिल गजपाल त्रिवेणी गजपाल, मैनसिंग ममता हिरवानी, राजकुमार अलका तारम, लालाराम दुर्गा मगेन्द्र, बीआर साहू डामिन, पारसमणि जामबाई साहू, डॉ जुगेश्वर ललिता साहू, कलीराम शुभिया साहू, खूबलाल लता हिरवानी, किशोर स्नेह वाही, अंकालु समारी बाई, पुरुषोत्तम बसंती निर्मलकर, दुखीराम मुन्नी बाई, कृष्णा सेवती साहू, योगेश प्रीतम यदु, भूषण मीना देवांगन, भूपेन्द्र कुमार सुमन, पीआर जाधव रितु जाधव, गणेशूराम इन्द्राणी का विवाह दिवस संस्कार मनाया गया।

## राजपुर में ठाकुरदेव की हुई पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

छत्तीसगढ़ में आज भी गांव बनाने की परंपरा है। 22 दिसंबर रविवार को ग्राम राजपुर में गांव बनाने की परंपरा निभाई गई। गांव के ठाकुरदेव में पं. मुकेशप्रसाद दुबे ने पूजा- अर्चना कर गांव की सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष जनकराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष पूनम सिन्हा, सचिव गिरवर यदु, पूर्व अध्यक्ष बिरझू कंवर, राधेश्याम यदु, रामाधार यादव, माधव ध्रुव, बाला सिन्हा, दयालू निषाद, गोपाल निषाद, ध्रुव निषाद, पुरुषोत्तम सिन्हा, पुरानिक ध्रुव, सीताराम यदु, बैगा खेलन निषाद, कृष्णा सेन, आनंद सिन्हा, शोभित साहू, जागेश्वर यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## धीवर समाज भवन में सभाहाल का लोकार्पण

- यह भवन समाज की एकता और सामूहिक प्रयास का प्रतीक बनकर उभरेगा : विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धीवर समाज भवन में सभा हाल का लोकार्पण मुख्य अतिथि महापौर विजय देवांगन ने किया। अध्यक्षता नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा अध्यक्ष धीवर समाज धमतरी परगना ने की। विशिष्ट अतिथि पार्षद केंद्र कुमार पेंदरिया, पार्षद दीपक सोनकर, परमेश्वर फूटान महासंरक्षक, होरीलाल मत्स्यपाल संरक्षक, भुवनलाल धीवर उपाध्यक्ष, सोहनलाल धीवर सचिव, सोनूराम थे।

अपने संबोधन में महापौर ने समाज के विकास के लिए इस भवन के निर्माण को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह भवन न केवल समाज के सदस्यों को एकत्रित होने का स्थान प्रदान करेगा, बल्कि समाज के विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी एक आदर्श स्थल साबित होगा। आगे कहा कि समाज की एकता और सहयोग से ही इस तरह के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पूरे हो पाते हैं। उन्होंने भवन के सही उपयोग और संरक्षण की अपील की, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ मिल सके। यह भवन समाज की एकता और सामूहिक प्रयास का प्रतीक बनकर उभरेगा।

इस दौरान विपिन पवार, यशवंत कोसरिया, बिसन धीवर, कृष्णा हिरवानी, गजेन्द्र धीवर, होमशंकर हिरवानी, विष्णुप्रसाद, संध्या हिरवानी, आशा धीवर, फिरोज हिरवानी, बीरु हिरवानी, दुर्गेश रिगरी, मोतीलाल धीवर, ओमप्रकाश नाग, रमेश हिरवानी, शैलेन्द्र नाग, अजय मीनपाल, पवन हिरवानी, राजकुमार फुटान सहित समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## श्रीमद्भागवत गीता में जीवन के सारे कष्टों का समाधान है : पं. हरिशरण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भगवान कृष्ण का जीवन चरित्र समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित होकर कष्ट तथा संताप से भरा रहा। जीवन की सारी समस्याओं का समाधान श्रीमद् भागवत गीता में समाहित है। उक्त बातें अंबेडकर वार्ड गौरव पथ में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के विश्राम दिवस पर व्यास पीठ से पंडित हरिशरण वैष्णव महाराज ने कही। उन्होंने बताया कि जीवन में मोक्ष सिर्फ धर्म, अध्यात्म तथा सांस्कृतिक मान्यताओं की शरण में जाने से प्राप्त हो सकता है। यहीं से व्यक्ति के जीवन में शांति, सुख ,समृद्धि का प्रादुर्भाव भी होता है। इस अवसर पर पार्षद राजेंद्र शर्मा, कुलेश सोनी, पिंटू यादव ने पंडित वैष्णव का शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। यह आयोजन उषा पटेल परिवार द्वारा किया गया।

## सार्थक के तीन बच्चे हुए सम्मानित



- मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग में अपने हुनर का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रवण बाधितार्थ स्कूल में दिव्यांगजनों का सम्मान एवं सहायक उपकरण वितरण का कार्यक्रम रखा गया। सम्मान के लिए प्रतिभाओं के आकलन के बाद दिव्यांगजनों का चयन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर योगिता देवांगन ने सार्थक के 3 विशेष बच्चों श्वेता, मनीष, प्रीति को श्रीफल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि सार्थक की होनहार छात्रा श्वेता मसीह ने शारीरिक रूप से अक्षम होने के बाद भी दिव्यांगता को कमजोरी न समझकर रंगोली व पेंटिंग में अच्छा प्रदर्शन किया। सार्थक के ही छात्र मनीष मंडावी ने पेंसिल पकड़ने में होने वाली कठिनाई के बाद भी लेखन व सुलेख लिखकर अच्छी ड्राइंग की। तीसरी छात्रा प्रीति साहू को देखने, सुनने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके बाद भी भिलाई, रायगढ़, पुणे, धमतरी में आयोजित फैशन शो में भाग लिया। मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग में भी अच्छा प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे पतरस बाघमारे एवं भूपेन्द्र साहू को एमएसआईईडी किट दियागया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर योगिता देवांगन ने हमेशा आने बढ़ने के लिए बच्चों की हौसला अफजाई की। सार्थक स्कूल के अस्थिबाधित दिव्यांग कम्प्यूटर प्रशिक्षक एवं आफिशियल वर्कर मुकेश के प्रयास से स्कूल के बच्चे कम्प्यूटर चलाना सीख रहे हैं। टाइपिंग, ड्राइंग में अच्छी महारथ हासिल की है। इस अवसर पर सार्थक के बच्चे करण नामदेव, इशिका, ईश्वर साहू, गगनदीप नागवानी, नैतिक विश्वकर्मा, दीपाली सोनी, प्रशिक्षक स्वीटी सोनी, पालकगण सरवीना बाघमारे, दीप्ति चौहान, शकुंलता सोनी उपस्थित थे।

## सीपीएल पर सिंधी इलेवन का कब्जा



- कार्पोरेट प्रीमियर लीग के विजेता को 50 हजार व उपविजेता को मिला 30 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सीपीएल कार्पोरेट प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट सीजन 3 का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इस लीग के विजेता सिंधी इलेवन हैं, जिन्हें आयोजक समिति की ओर से 50 हजार रुपए का इनाम दिया गया। उपविजेता को 30 हजार मिला। टूर्नामेंट 8 से 20 दिसंबर तक चला, जिसमें कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया। सेमीफाइनल मैच सिंधी इलेवन व फैंस इलेवन के बीच हुआ। सेकेंड सेमीफाइनल मैच जैन इलेवन व आफिसर इलेवन के बीच खेला गया। फाइनल मैच सिंधी इलेवन व आफिसर इलेवन के बीच हुआ, जिसमें सिंधी इलेवन ने जीत दर्ज की। उपविजेता आफिसर इलेवन रहा। बेस्ट बालर विमल यदु, मैन आफ द सीरिज रवि कोर्राम रहे। मैन आफ द टूर्नामेंट स्व.हरिराम महावर की स्मृति में दिया गया। समापन समारोह के अतिथि डा. सुमीत गुप्ता, डा. अभिषेक गोयल, डा. अभिषेक लाज थे। विजेता और उपविजेता को ट्राफी स्व. पुरूषोत्तमदास धोरीभाई पटेल पूर्व विधायक की स्मृति में पीडी कंपनी के निशित पटेल द्वारा दी गई। मौके पर सीपीएल वर्किंग कमेटी के निशित पटेल, सकुश गुप्ता, सतराम वाशानी, मिहिर पटेल, सौरभ नंदा उपस्थित थे।

## आज मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह में 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे

- महतारी वंदन योजना की महिलाओं को किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 23 दिसम्बर को कुरूद विधानसभा मुख्यालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के तहत 48 जोड़ों का विवाह सम्पन्न होगा और महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

नई कृषि उपज मंडी कुरूद में आयोजित इस कार्यक्रम में 48 जोड़ों का विवाह होगा, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। राज्य सरकार विवाह संबंधी सभी सामग्री प्रदान करेगी। इस योजना के तहत उन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर अपने परिवार की स्थिति सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सुकन्या समृद्धि खाता खोलने के लिए कैम्प आयोजित किया जाएगा। बिटिया सम्मान कार्यक्रम के तहत उन परिवारों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने अपनी बेटियों की शिक्षा और कल्याण के लिए प्रयास किए हैं।



आधार कार्ड बनाने के लिए एक कैम्प आयोजित होगा। बाल विवाह मुक्त धमतरी व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा दिया जाएगा। महिलाओं के मनोरंजन और सशक्तिकरण के लिए खेलकूद, संगीत और कला से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग धमतरी श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे समाज के लाभार्थियों तक पहुंचाना है। इस आयोजन में कई योजनाओं का वितरण किया जाएगा, जो महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए महत्त्वपूर्ण है। कार्यक्रम की तैयारी में परियोजना अधिकारी रेखा यादव, सुपरवाइजर सरिता कुशवाहा, सोमलता शुक्ला एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी कर्मचारी जुटे हुए हैं।

## स्पेशल एजुकेटर के लिए वॉक इन इंटरव्यू 26 को

**धमतरी।** जिले में समग्र शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कक्षा नवमीं से बारहवीं के लिए धमतरी और नगरी विकासखण्ड में रिक्त स्पेशल एजुकेटर के पदों की एक निश्चित मानदेय पर भर्ती की जायेगी। कलेक्टर एवं मिशन संचालक नम्रता गांधी के निर्देश पर स्वीकृत पद के लिए 26 दिसम्बर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। यह साक्षात्कार रूद्री रोड स्थित विकासखण्ड स्त्रोत कार्यालय (बीआरसीसी) धमतरी में आयोजित किया जाएगा।

## नुक्कड़ नाटक से बताया रक्तदान का महत्व

**धमतरी।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सुशासन के एक साल, छत्तीसगढ़ खुशहाल के तहत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति वाशानी एवं सीएमएचओ डॉक्टर यूएल कौशिक के मार्गदर्शन में डॉ प्रदीप कुमार साहू पूर्व राज्य सचिव रेडक्रास सोसायटी एवं जिला संगठक आकाश गिरी गोस्वामी द्वारा लिखित एवं निर्देशित रक्तदान जीवनदान के उद्देश्य पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन घड़ी चौक में किया गया। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रक्तदान करने के लाभ, किसी की जीवनरक्षा, ब्लड प्रेशर नियंत्रण, हृदय से संबंधित रोगों का जोखिम कम होना, मानसिक तनाव कम होना, कैंसर का खतरा कम होना, इन सभी के अलावा रक्तदान महादान का संदेश देते हुए आम नागरिकों से रक्तदान करने की अपील की गई। नुक्कड़ नाटक में वाइस चेयरमैन शिवा प्रधान, शेषनारायण, खोमन साहू, प्रेमशंकर एवं वालंटियर संकेत कुमार साहू, संदीप यादव, परमानंद, अभिलाषा, वीणा, महिमा एवं तनुजा ने सहयोग प्रदान किया।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

स्वामी जी 93406-38884
स्पेशल कोच से
15 फरवरी 2025
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
नोट-महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411
11 जनवरी से 16 जनवरी 2025, 27 जनवरी से 01 फरवरी 2025, 01 फरवरी से 06 फरवरी 2025, 10 फरवरी से 15 फरवरी 2025, 24 फरवरी से 01 मार्च 2025
शाही स्नान
13 जनवरी 2025 (पौष पूर्णिमा), 14 जनवरी 2025 (मकर संक्रांति), 29 जनवरी 2025 (मौनी अमावस्या), 03 फरवरी 2025 (बसंत पंचमी), 12 फरवरी 2025 (माघ पूर्णिमा), 26 फरवरी 2025 (महाशिवरात्रि)
नोट :-2/2 बस (50 सीटर) / रेलवे टिकट, नाश्ता, रात्रि भोजन, रात्रि विश्राम (टेंट), गाइड
केवल प्रयागराज महाकुंभ 2025 सहयोग राशि- 6001/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020